भारत सरकार

गृह मंत्रालय

राजभाषा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2941

दिनांक 22-08-2006/ 31 श्रावण, 1928 (शक) को उत्तर के लिए

राजभाषा आयोग

2941. श्री बी0 विनोद कुमार:

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने किसी भी भाषा को राजभाषा के रुप में घोषित किए जाने से संबंधित मुदे की जांच के लिए आयोग गठित किया है;

(ख) यदि हां, तो क्या आयोग ने अपनी रिपोर्ट सौंप दी है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) यदि नहीं, तो ऐसी रिपोर्ट के कब तक सौंपे जाने की सम्भावना है?

उत्तर

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री श्रीप्रकाश जायसवाल)

(क): सरकार ने अन्य बातों के साथ-साथ, संविधान की आठवीं अनुसूची में शमिल भाषाओं को राजभाषा घोषित किए जाने संबंधी मांग पर विचार करने के लिए श्री सीताकांत महापात्र की अध्यक्षता में एक समिति गठित की थी।

(ख): समिति ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है।

(ग): समिति ने अपनी रिपोर्ट जून, 2004 में सरकार को प्रस्तुत कर दी है।

(घ): उपर्युक्त ''ख'' के उत्तर के आलोक में प्रश्न नहीं उठता ।

******